

## एक नजर में

### मदनलाल सांवरिया का गोलोकवास



**राजगढ़ 09 सितंबर, का.** नगर के सांवरिया परिवार के वरिष्ठ सेठ मदनलाल सांवरिया का सोमवार को गोलोकवास हो गया. वह लक्ष्मीचंद, हरिश्चंद्र, ओमप्रकाश, कमल किशोर (रीडर) बनवारीलाल, कल्याण सिंह, रघुवीर सिंह सांवरिया के पिताश्री थे. सहज, सरल, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवृत्ति के श्री सांवरिया के निधन से मिलने-जुलने वालों में शोक छा गया. स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### इंदौर पब्लिक स्कूल के छात्र का चयन



**ब्यावरा 09 सितंबर, का.** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल के छात्र अनिल दांगी का संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन हुआ है. छात्र का चयन अंडर-14 बालक वर्ग की एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिता में संभाग स्तर के लिए हुआ है. छात्र 11 सितंबर को भोपाल में आयोजित होने जा रही संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे. इस सफलता पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक सहित स्टॉफ सदस्यों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है.

### खेत पर जाने का रास्ता रोका

**ब्यावरा 09 सितंबर, का.** तहसील ब्यावरा के ग्राम बालचिढ़ी में एक भाई द्वारा खेत पर जाने का रास्ता बंद कर देने से परेशान ग्रामीण ने पुलिस प्रशासन में गुहार लगाई है. पुलिस को दिए अपने आवेदन में ग्राम बालचिढ़ी निवासी भारत सिंह पिता मांगीलाल जाटव ने कहा है कि उसे बंटवारे में जो थोड़ी बहुत जमीन मिली है उसी पर वह खेती कर अपने परिवार का लालन-पालन करता है, किंतु उक्त जमीन पर जाने का रास्ता मेरे भाई हरिनारायण द्वारा मुरम डालकर बंद कर दिया गया. इस बार बोवनी भी नहीं कर पाये. जब भी वह खेत पर जाने का प्रयास करते है तो संबंधित विरोध करते हुए मारपीट करने पर उतारु हो जाता है. फरियादी का कहना है कि वह इसकी शिकायत कर चुके है किंतु इस और कोई कार्यवाई अभी तक नहीं हुई है.

### मदिरा बिक्री स्थलों पर दबिश, प्रकरण दर्ज

**राजगढ़ 09 सितब्बबर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी श्री रितेश लाल के मार्गदर्शन में सारंगपुर वृत्त प्रभारी श्री सौरभ कनासे द्वारा विकासखण्ड सारंगपुर में गश्त के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम सुल्तानिया, भ्याना, कोपा, खजुरिया घाटा, नहाली में छापेमार कार्यवाही, की गई। साथ ही मदिरा बिक्री एवं संग्रहण से संबंधित संदिग्ध स्थलों पर सामूहिक दबिश देकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अन्तर्गत चार प्रकरण दर्ज कर दो की तलाशी बनाई गई. उक्त प्रकरणों में 52 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जिसकी कुल कीमत 10,400 रुपए है. उक्त कार्यवाही में नरसिंहगढ़ व्रत प्रभारी श्रीमती पूजा चंदन वर्मा, अंकित चौहान, दीपक राजपूत, सुश्री अर्चना भंवारे, मोहन सिंह उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया.

# डेढ़ दशक पूर्व बहा स्टॉप डेम नहीं बन पाया

## कॉलेज के पीछे अजनार नदी पर 2007 में बह गया था स्टॉप डेम

**स्टॉप डेम रुकने से नदी क्षेत्र में रहती पानी की उपलब्धता**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 सितंबर, का. वर्ष 2007 में नगर में भयावह बाढ़ आई थी. बाढ़ की विभिषिका में स्थानीय कॉलेज के पीछे अजनार नदी पर स्थित स्टॉप डेम का एक छोर बह गया था. डेम के क्षतिग्रस्त होन से यहां पानी नहीं रुक पाया. डेढ़ दशक से अधिक समय बाद भी डेम जस की तस अवस्था में है.**

गौरतलब है कि 7 जुलाई वर्ष 2007 में नगर में भारी बारिश के चलते बाढ़ आ गई थी. जिसमें काफी नुकसान हुआ था. बाढ़ के तेज प्रवाह से कॉलेज के पीछे रपटे के समीप मौजूद स्टॉप डेम का एक हिस्सा पानी में बह गया था. इसके बाद से डेम में बारिश का पानी नहीं रुक पाया.

**रामलीला घाट तक रहता पानी** डेम के क्षतिग्रस्त नहीं होने के पूर्व डेम को रोकने पर नदी क्षेत्र में पानी की काफी उपलब्धता बनी रहती थी. यहां पानी रोकने पर रामलीला घाट तक काफी मात्रा में पानी बना रहता था. यही कारण है कि पितृपक्ष के दौरान घाट पर ही तर्पण का कार्य सुचारु हो जाता था. लेकिन जब से घाट क्षेत्र में पानी की कमी होने लगी तो मजबूरन घाट के ऊपर टेंकर के पानी से तर्पण कार्य शुरु किया गया. हांलाकि इस बार बारिश का दौर चलने के कारण घाट क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के चलते घाट पर ही तर्पण कार्य कराया जा रहा है किंतु आगामी दिनों में यदि घाट क्षेत्र में पानी कम हुआ तो फिर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.

### जल स्तर में होगी बढ़ोत्तरी

कॉलेज के पीछे क्षतिग्रस्त स्टॉप डेम को यदि दुरस्त कर उसमें पानी रोका जाये तो इससे नदी के आसपास क्षेत्र में जल स्तर में भी बढ़ोत्तरी होगी और आसपास मौजूद ट्यूबवेल, कुएं, हेण्डपम्पों का जल स्तर बढ़ेगा तथा गर्मी के दिनों में पेयजल की उपलब्धता के रुप में इसका फायदा मिल सकेगा.

## डिवाइडर बने कचरा घर

**खिलचीपुर 09 सितंबर, सं.** नगर में करीब 49 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सिटी पोर्शन रोड बनाया गया है. सड़क के मध्य में डिवाइडर का निर्माण किया गया है किंतु यह डिवाइडर कचरा घर बन गये है. इनमें कचरा डाला जा रहा है जिससे यह डिवाइडर काफी भद्दे नजर आ रहे है.

### व्यवस्थित नहीं डिवाइडर

नागरिकों का कहना है कि डिवाइडर में न तो काली मिट्टी डाली गई और न ही पौधे लगाए गए है. बारिश निकल जाने के बाद भी डिवाइडर की सफाई नहीं की गई है. दूसरी और इन डिवाइडर में कचरा फेंका जा रहा है. सौंदर्यीकरण की जगह अब डिवाइडर किसी कचरा घर की तरह नजर आ रहे है.

### सफाई कराने की मांग

नागरिकों ने जल्द ही डिवाइडर की सफाई करवाकर इनमें पौधे लगाने की मांग की है ताकि जिस उद्देश्य से डिवाइडर का निर्माण किया गया वह उद्देश्य पूर्ण हो सके.



## दलदल से होकर जाते स्कूल

### आदर्श कॉलोनी से अपना नगर जाने वाला मार्ग बदहाल

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 सितंबर, का. नगर में कई सड़क मार्गो की हालत बहुत ही दयनीय अवस्था में है. इन्हीं में से एक वार्ड 6 में आदर्श कॉलोनी से अपना नगर जाने वाला मार्ग शामिल है. उखड़ा मार्ग दलदलभरा होने से काफी दिक्कतों का सामना रहवासियों, स्कूल जाने वाले बच्चों को करना पड़ रहा है.**

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 6 में आदर्श कॉलोनी के पीछे से अपना नगर को जोड़ने वाली सड़क है जो कि पूरी तरह से जर्जर एवं कीचड़ युक्त है. सड़क का दो सौ मीटर का रास्ता उखड़ चुका है. दो हजाार से अधिक आबादी वाले रहवासी क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है.

आदर्श कॉलोनी को अपना नगर से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग कीचड़ एवं गड्ढो से पटा हुआ है. उक्त मार्ग पर से रोजाना मानस हायर सेकेंडरी स्कूल, ज्योति कॉन्वेंट, प्रोग्रेसिव हाइट्स आदि स्कूलों के बच्चों एवं अभिभावकों का आना-जाना होता है. हर दिन हजारों राहगीर इस मार्ग से आते-जाते है. मार्ग की बदहाली पर किसी जिम्मेदार का कोई ध्यान नहीं है.

बच्चे, बुजुर्ग होते है परेशान

इसी रास्ते से होकर छोटे-छोटे बच्चे रोजाना स्कूल आते-जाते है. बुजुर्ग भी इसी रास्ते से आते-जाते है जिनको मार्ग की बदहाली से काफी तकलीफो का सामना करना पड़ता है. उक्त मार्ग पर लम्बे समय से गड्ढे और कीचड़ हो रहा है. आये दिन रहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. इस और किसी जिम्मेदार का कोई ध्यान नहीं है.



# भोजन में अब थाली-कटोरी का उपयोग

### खिलचीपुर में मेडतवाल समाज की अनुकरणीय पहल

**मेडतवाल समाज धर्मशाला में थाली-कटोरी में होगा अब भोजन**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 09 सितंबर, का. खिलचीपुर में मेडतवाल समाज द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुए समाज के आयोजन एवं समाज की धर्मशाला में होने वाले आयोजन के दौरान होने वाले भोजन में डिस्पोजल का उपयोग न करते हुए थाली-कटोरी, ग्लास का उपयोग करने का निर्णय लिया है और इसकी शुरुआत भी की जा चुकी है.**

पर्यावरण को हो रहे नुकसान को देखते हुए मेडतवाल वैश्य समाज कल्याण समिति की नवीन कार्यकारिणी ने यह पहल करते करते हुए समाज के कार्यक्रम एवं मेडतवाल धर्मशाला में होने वाले सभी कार्यक्रमों में डिस्पोजल सामग्री को पूर्णत: प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है.

**3 लाख से मंगवाई थाली-कटोरी** सभी समाजजनो के सहयोग से लगभग 3 लाख रुपए की राशि एकत्रित कर 1 हजार थाली कटोरी और ग्लास के सेट इंदौर से मंगावाए गये है. श्राद्ध पक्ष के तीसरे दिन मंगलवार को मेडतवाल धर्मशाला में आयोजित पत्रा के भोजन में इसकी शुरुआत करते हुए सबको थाली में भोजन परोसा गया. पानी के लिए स्टील के ग्लास का उपयोग किया गया. सब्जी और खीर के लिए कटोरी का उपयोग किया गया. इस पहल के लिए मेडतवाल समाज कार्यकारिणी सदस्य पिछले 15 दिनों से समाज नो से संपर्क कर उनसे सहयोग ले रहे थे. समाज के मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि सभी समाजजनों के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है.

### ब्यावरा में भी हो चुकी है पहल

ब्यावरा में भी विगत दिवस मेडतवाल समाज द्वारा स्थानीय धर्मशाला में डिस्पोजल का उपयोग बंद कर यहां होने वाले किसी भी आयोजन में भोजन के लिए थाली-कटोरी एवं ग्लास का उपयोग करने की पहल शुरु की है.

## वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कर रहे है तर्पण



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 सितंबर, का.** पितृपक्ष के चलते पूर्वजों को याद करते हुए तर्पण किया जा रहा है. जहां स्थानीय अजनार नदी घाट पर तर्पण के आयोजन हो रहे है वहीं स्थानीय इंदौर नाका के समीप गायत्री शक्तिपीठ में पितृपक्ष के चलते तर्पण का नि:शुल्क आयोजन किया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार 7 से 21 सितंबर तक मंदिर परिसर में आयोजन चलेगा. मंदिर परिवार के वरिष्ठ हवलदार सिंह के अनुसार इसमें वैदिक रीति-रिवाज, मंत्रोच्चारण के साथ नि:शुल्क रुप से सामुहिक श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कराया जा रहा है. शांतिकुंज हरिद्वार की तरह ही पितृपक्ष के दौरान यहां पर यह आयोजन किया जाता है. पितृपक्ष में नियमित श्राद्ध और तर्पण करने से दोष दूर होते है. पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु श्राद्ध, तर्पण करना चाहिए. मान्यतानुसार पितृपक्ष के सौलह दिनों तक तर्पण करने से जो भी कोई पितृदोष यदि होता है तो वह दूर हो जाते है.

## प्रदूषण के खतरों से जागरूक करने निकाली रैली

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 सितंबर, का.** निर्विन्ध्या नर्सिंग महाविद्यालय में पढ़ने वाले जीएनएम के छात्र-छात्राओं द्वारा सिविल अस्पताल ब्यावरा के सहयोग से जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के खतरों से जागरूक करने के उद्देश्य से नगर में जागरूकता रैली निकाली गई.

साथ ही सिविल अस्पताल परिसर में रंगोली, पोस्टर बनाकर, भाषण एवं विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया.

महाविद्यालय के नर्सिंग प्रिंसिपल प्रेम सिंह वर्मा ने विश्व में तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन और उससे होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी. वातावरण को शुद्ध रखने हेतु अपनाए जाने वाले उपायों से अवगत कराया. इस दौरान डॉ आर के गुप्ता, डॉ साहू, डॉ सोरेन दत्ता, नर्सिंग स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

### तहसीलों में बारिश की स्थिति

**ब्यावरा 09 सितंबर, का.** जिले की तहसीलों में बारिश की स्थिति इस प्रकार है. जीरापुर 1291 एमएम, खिलचीपुर 1332.4, राजगढ़ 1276.3, ब्यावरा में 2049.3 एमएम, नरसिंहगढ़ 1504.3, सारंगपुर में 880.1 तथा पचोर में 984.2 एमएम बारिश हुई है. जबकि आज दिनांक तक जिले की कुल औसत वर्षा 1338.4 एमएम हो चुकी है.

## महादेव मित्र मंडल ने 36 वां स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 09 सितम्बर, सं.** नगर की धार्मिक संस्था महादेव मित्र मंडल ने मंगलवार को महा अभिषेक कर पोधारोपण के साथ सत्यनारायण भगवान की आरती कर अपना 36 वां स्थापना दिवस मनाया. सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद के नेतृत्व में मंडल के सदस्यों द्वारा भूत भावन श्री वटकेश्वर महादेव का महा अभिषेक कर महा आरती की. साथ ही दुर्गा माता मंदिर सुदर्शन नगर, मुखर्जी चौक स्थित सेन समाज मंदिर में पौधारोपण किया. सदस्यों द्वारा पौधों को पेड़ बनने तक देख रेख करने का संकल्प लिया. मंडल संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया ने बताया कि आज ही के दिन 9 सितंबर 1990 को महादेव मित्र मंडल की स्थापना की थी. मंडल का मुख्य उद्देश्य है सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करना तथा पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार करना तथा अनेक रचनात्मक कार्य करना रहा है. इस दौरान वरिष्ठ लक्ष्मी नारायण त्रिकार, लोकेश सोलंकी, संदीप जाधव माखनलाल पुष्पद, महेश पाटीदार, भूपेंद्र जोशी, रामेश्वर पुष्पद, मनोहर सोनी, अरुण जैन, गौरव सोनी, अभिषेक बारकिया, मांगीलाल पाटीदार,



माखन सिंह यादव, सहयोग शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## राज गद्दी और व्यास गद्दी पर आई विकृति



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 सितंबर, का.** नगर के वार्ड 4 तुलसी नगर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन चल रहा है. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है. मंगलवार को कथा वाचक संतोष तिवारी कुरावर द्वारा राजा परीक्षित के राज्याभिषेक का विस्तार पूर्वक वर्णन किया. उन्होंने कहा कि हमारे यहां दो गद्दी चलती आ रही है एक व्यास गद्दी और दूसरी राजगद्दी, व्यास गद्दी पर वशिष्ठ जी विराजमान है तो राजगद्दी पर दशरथ जी विराजमान है, पर इन दोनों गद्दी में विकृतियां आ गई है. कथा के बीच सुमधुर भजनों की प्रस्तुति खासा भाव विभोर कर रही है. बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है.

### माता मंदिर पर चल रहा तर्पण कार्यक्रम

**सुठालिया 09 सितम्बर, सं.** नगर के सुरम्य प्राकृतिक स्थल ढकनियापुरा माताजी मंदिर परिसर में विगत दिवस 7 सितंबर पूर्णिमा से 16 दिवसीय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक पं. गिरिजा शंकर भार्गव के सानिध्य में सामूहिक तर्पण कार्य चल रहा है.



श्री भार्गव ने बताया की पूजन सामग्री भी तर्पण स्थल पर उपलब्ध रहेगी. मंदिर समिति के व्यवस्थापक अशोक शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से निर्धारित समय में शामिल हो अपने परिवार के दिवंगत व्यक्तियों की आत्म शांति हेतु तर्पण करने का आव्हान किया. 21 सितंबर रविवार सर्वपितृ अमावस्या को तरण कार्य का समापन होगा.

**महामारी** प्रतिदिन ओपीडी में मरीजों की संख्या 600 से ऊपर, अधिकांश मरीजों में बुखार, सर्दी-जुकाम की शिकायत

# दो दिन में 1200 मरीज पहुंचे अस्पताल

**बुखार सहित विभिन्न बिमारियों का प्रकोप बड़ा**

**रोजाना अस्पताल में बड़ रही मरीजों की संख्या**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 सितंबर, का. वर्तमान में बुखार सहित विभिन्न बिमारियों का प्रकोप लोगों को जकड़ रहा है. अस्पतालों में ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. स्थानीय सिविल अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी में 600 से अधिक मरीज आ रहे है.**

उल्लेखनीय है कि कभी बारिश तो कभी मौसम खुलने पर गर्मी का प्रकोप होने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है. बुखार, हाथ-पैर में दर्द, उल्टी-दस्त के साथ ही गले में खरास, इंफेक्शन सहित अन्य बिमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले रही है. ब्यावरा स्थित सिविल अस्पताल में सोमवार को ओपीडी में मरीजों की संख्या 630 रही जबकि मंगलवार को 600 मरीज आये.

मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत दिवस बुखार के ऐसे संदिग्ध मरीज जिनमें डेंगू के संभावित लक्षण की संभावना देखी जा रही है उन मरीज के सेम्पल जांच के लिए जिला चिकित्सालय लैब में भेजे जा रहे है.

### रोजाना 40 से 50 सेम्पल की जांच

बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर में बुखार के ऐसे संभावित मरीज जिनमें कहीं कोई ऐसा लक्षण नजर आ रहा है जिससे डेंगू रोग की संभावना प्रबल हो रही है तो ऐसे मरीज का सेम्पल जिला चिकित्सालय जांच के लिए भेजने हेतु निर्देश जारी किए गये है. इसके बाद से जिले भर से डेंगू लक्षण वाले संभावित मरीजों के सेम्पल भी जिला चिकित्सालय पहुंच रहे है. जिला महामारी नियंत्रक डा. महेन्द्रपाल सिंह के अनुसार 40 से 50 सेम्पल जांच के लिए जिला चिकित्सालय आ रहे है.

## सर्वे करने गांव पहुंची टीम

### ग्राम लखौनी में मरीज की रिपोर्ट आयी थी डेंगू पॉजिटिव

**ब्यावरा 09 सितंबर, का. जिले में डेंगू रोग के पॉजिटिव मामले बढ़ रहे है. सोमवार को जीरापुर तहसील के ग्राम लखौनी निवासी एक मरीज की जांच रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आने के बाद मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची तथा सर्वे किया गया.**

जिले में डेंगू पॉजिटिव का एक ताजा मामला सोमवार को जीरापुर तहसील के लखौनी गांव में सामने आया जिसमें एक बालक की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी. इस तरह जिले में डेंगू पॉजिटिव की संख्या बढ़कर 10 हो गई है.

बुखार आने, हाथ-पैर में दर्द, उल्टी-दस्त के साथ ही गले में इंफेक्शन आदि दिक्कते लोगों को हो रही है. मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत दिवस बुखार के ऐसे संदिग्ध मरीज जिनमें डेंगू के संभावित लक्षण की संभावना नजर आ रही है उन मरीज के सेम्पल जांच के लिए जिला चिकित्सालय लैब में भेजे जा रहे है. जिला महामारी नियंत्रक डा. महेन्द्रपाल सिंह के अनुसार मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम लखौनी गांव पहुंची तथा लार्वा का सर्वे कर आवश्यक जानकारी एकत्रित की. टीम में सीएचओ, सुपरवाईजर सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल रहे. बुधवार को भी टीम सर्वे करने गांव पहुंचेगी.

सिविल अस्पताल, जिला चिकित्सालय में ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ रही है. जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन मरीजो की संख्या लगभग 600 तक पहुंच रही है.


### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा श्रीमान को अवगत कराया जाता है कि एक निजी शामिल खाता भूमि जो कि खातेदार नरेन्द्र कुमार पिता श्याम सुन्दर आदि के नाम से ग्राम चाठा, तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़, म.प्र. में स्थित है जिसका सर्वे क्र.-249, 376, 377, 382, 383, 384 .... कुल किता 07. कुल रकबा 11.71 हैक्टर, लगान 56.38 पेसे है. यह कि उक्त भूमि के संबंध में एक बटवारा प्रकरण शामिल खातेदारी द्वारा श्रीमान तहसीलदार महोदय, ब्यावरा के समक्ष प्रस्तुत किया है, जिस कारण उक्त बटवारा प्रकरण का निर्णय पूर्ण पार्दशिता व न्यायपूर्ण रुप से आदेश पारित कराया जा सके जिस कारण उक्त भूमि के संबंध में कोई आपत्ति ना होने तथा अन्य खातेदारों को सूचित करने के आशय से आपके समाचार पत्र अखबार में विज्ञप्ति प्रेषित करने की कृपा करे. यदि उक्त भूमि के संबंध में कोई दावा आपत्ति, आदि आती है तो मेरे कार्यालय व तहसील कार्यालय, ब्यावरा में प्रस्तुत करे.

**एडव्होकेट**
**अमित राज सिंह कुशावह**
**शहीद कॉलोनी ब्यावरा जिला राजगढ़**